# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शनिवार, 31 अगस्त, 2019/9 भाद्रपद,1941(शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 39**

----

### कृषि सहकारी सभाएं

***1591 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश की कृषि सहकारी सभाओं के भ्रष्टाचार या गलत वित्तीय प्रबंधन के कितने मामले प्रकाश में आए; ब्यौरा सभावार दें;

(ख) इन सभाओं में भ्रष्टाचार के लिए कौन-कौन कर्मचारी जिम्मेदार थे तथा सरकार द्वारा दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में कृषि सहकारी सभाओं में भर्ती हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं?

----

### आर्थिक पैकेज

***1592 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चौहार घाटी के पिछड़े क्षेत्रों में किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु कृषि, पशुपालन, मछली पालन व भेड़ पालन को प्रोत्साहन देने के लिए आर्थिक पैकेज देने पर विचार करेगी; यदि हां, कब तक?

----

## भूमि अधिग्रहण

*1593 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल पांवटा साहिब के साथ लगती वन विभाग की भूमि को अधिग्रहण करने हेतु प्रक्रिया चल रही है; यदि हाँ, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## Road Projects

*1594 **Sh. Ram Lal Thakur (Sri Naina Deviji):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last two years upto 31-07-2019, how many road projects have been approved in the Pradesh; Division-wise details be given; and

(c) how many are under NABARD, PMGSY & World Bank?

----

## किडनी प्रत्यारोपण

*1595 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किडनी के कितने मरीज है और किडनी प्रत्यारोपण करने में कितना खर्चा आता है; ब्यौरा दें?

----

## योजनाओं हेतु ऋण

*1596 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**
**श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**
**श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षो में दिनांक 31-07-2019 तक प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक, एशियन विकास बैंक तथा अन्य agencies से कितना ऋण लिया; किन योजनाओं हेतु कितनी

धनराशि ऋण के रूप में स्वीकृत हुई है; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) स्वीकृत ऋण में से कितनी धनराशि कहाँ और किस योजना पर व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## National Highway

***1597 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether is it a fact that National Highway Chhailla-Oachghat-Narag-Sarahan-Lwasa Chowki-Naraingarh-Nahan has been listed as an Agricultural-cum-Horticulture Rural Road; if yes, what action has been taken by the Government to undertake its construction on priority basis?

----

## उद्यान प्रशिक्षण केन्द्र

***1598 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हराबाग में उद्यान प्रशिक्षण केन्द्र और विश्राम गृह हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान है और इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## रॉयल्टी

***1599 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कोल बांध परियोजना प्रबन्धन द्वारा राहत एवं पुनर्वास योजना के अन्तर्गत विद्युत उत्पादन होने पर सम्बन्धित परिवारों को एक प्रतिशत की दर से रॉयल्टी प्रदान की जानी है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह रॉयल्टी प्रदान कर दी गई है, यदि नहीं, तो ब्याज सहित धनराशि कब तक प्रदान कर दी जायेगी?

----

## पदपूर्ति

***1600 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में पी0एच0सी0 भोटा में डॉक्टर और स्टाफ नर्स के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार पी0 एच0 सी0 भोटा में 24 घटें चिकित्सा मुहैया करवाने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## आवास निर्माण

***1601 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31-07-2019 तक जिला चम्बा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत कितने आवासों हेतु धनराशि प्रदान की गई; और

(ख) इस अवधि में सामाजिक सुरक्षा तथा विधवा एवं अपंगता पेंशन के कितने आवेदन प्राप्त हुए; कितने लोगों को पेंशन दी गई; कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## डी0 पी0 आर0

***1602 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01-01-2018 से 31-07-2019 तक कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग मण्डल शाहपुर में कितनी डी0 पी0 आर0 बनाई गईं; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## Posts of Draftsman

***1603 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of Divisional Head Draftsman, Draftsman and Junior Draftsman have been created and how many are lying vacant in Public Works Department; division-wise details be given; and

(b) whether the Government has taken any steps to fill-up the vacant posts?

----

## हिम केयर स्वास्थ्य कार्ड

***1604 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा बनाए जा रहे हिम केयर स्वास्थ्य कार्ड वर्तमान में नहीं बनाए जा रहे हैं; यदि हां, तो कारण; और

(ख) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक इसके अन्तर्गत कितने कार्ड बनाए गए, कितने आवेदन लम्बित हैं और इन्हें पुनः बनाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## हैंडपम्प

***1605 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नालागढ़ सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल में कितने हैंडपम्प लगाए गए; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा किन ठेकेदारों को इसकी निविदाएं आवंटित की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में कितने सिंचाई के बोर किए गए; प्रति बोर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा गांव व ठेकेदार के नाम सहित दें?

----

## पुरानी पेंशन योजना

***1606 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2000 में नियुक्त विद्या उपासकों को सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत लिया गया है; जबकि प्राथमिक पाठशालाओं में 1995 से 1998 तक अनुबंध आधार पर नियुक्त शिक्षक जोकि 2003 के बाद नियमित हुए हैं, इस योजना के अन्तर्गत नहीं लिए गए; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन्हें पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत लाने का विचार रखती है?

----

## स्वीकृत योजनाएं

***1607 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विकास खण्ड ठियोग और चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई, इनके

लिए कितनी धनराशि किस एजेंसी द्वारा आवंटित की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा योजना एवं पंचायतवार दें?

----

## निविदाएं

*1608 **श्री विनय कुमार** (श्री रेणुकाजी ):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी सड़कें हैं जिनकी निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की गई;

(ख) यह सत्य है कि इनका कार्य प्रारम्भ किया गया था; यदि हां, तो इन सड़कों पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी शेष है; और

(ग) वर्तमान में इन सड़कों के निर्माण कार्य बन्द पड़े हैं; यदि हां, तो इन कार्यों को कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## टैंक निर्माण

*1609 **श्री किशोरी लाल** (आनी):

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा शिमला (ग्रामीण) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाहल में पानी के टैंक का निर्माण किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इसमें पानी का कनैक्शन देने का विचार रखती है?

----

## अटल आदर्श विद्यालय

*1610 **श्रीमती कमलेश कुमारी** (भोरंज):

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अटल आदर्श विद्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## Equipments In Medical Colleges

*1611 Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Post Graduate Doctors from IGMC are available but in

absense of credible equipments, their services are being utilized as ordinary Doctors; if so, what steps have been taken by the Government in the matter;

(b) detailed list of PET SCAN and any other modern equipments/ machinery in the Medical Colleges in the State be given;

(c) what steps has been taken by the Government to retain the Specialists in the State run Hospitals;

(d) by when the new Trauma Centre in the New OPD Block of I.G.M.C will be ready;

(e) how much funds has the Central Government released for the OPD/Trauma Centre and how much more is expected; has the remaining amount of 12 Crores been sanctioned by the State Government; and

(f) what is the number of beds & Ventilators being provided in this section?

----

## पंचकर्मा थेरैपिस्ट

*1612 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने हेतु पंचकर्मा थेरैपिस्ट के पदों का सृजन करने का विचार रखती है?

----

## विधायकों की गाड़ियां

*1613 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश सचिवालय व मैट्रोपोल विधायक सदन के नजदीक विधायकों को गाड़ियां खड़ी करने हेतु निश्चित स्थान चिन्हित नहीं है; यदि हां, तो क्या सरकार स्थान चिन्हित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## शिक्षा खण्ड अधिकारी कार्यालय

*1614 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी पांवटा साहिब का कार्यालय मिनी

सचिवालय में चल रहा है; और

(ख) सरकार इस कार्यालय को BRC कार्यालय की भूमि के समीप निर्मित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## विक्रय केन्द्र

*1615 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत झुंगी के गांव जाच्छ में कृषि विभाग का विक्रय केंद्र खोलने का सरकार ने निर्णय लिया है; यदि हां, तो इसे कब तक खोल दिया जाएगा?

----

## खाद्य सामग्री की आपूर्ति

*1616 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में 31-07-2019 तक प्रदेश में किन फर्मों द्वारा कौन सी खाद्य सामग्री की आपूर्ति की गई; ब्यौरा फर्म के नाम, पते व खाद्य सामग्री की मात्रा सहित दें; और

(ख) इस अवधि में विभिन्न आटा मिलों द्वारा कितनी मात्रा में आटे की आपूर्ति की गई; आटा मिल का नाम, पता तथा मात्रा सहित ब्यौरा दें?

----

## राज्य सहकारी बैंक शाखा

*1617 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निहरी, चरखडी या चाय का डोरा में राज्य सहकारी बैंक द्वारा शाखा खोलने के लिए कोई सर्वे किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो यहां शखा कब तक खोल दी जाएगी?

----

## विश्राम गृह

*1618 **श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिलासपुर नगर जोकि भाखड़ा बांध बनने के कारण उजड़ा था, के पुनःस्थापन साठ के दशक में सरकार ने तीन विश्राम गृहों का निर्माण किया था;

(ख) यदि हां, तो यह कौन-कौन से विश्राम गृह थे और किस-किस सैक्टर में स्थित थे; और

(ग) यदि यह विश्राम गृह थे तो आज इनका प्रयोग किस कार्य के लिए किया जा रहा है?

----

## कनिष्ठ अभियन्ताओं की नियुक्ति

*1619 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि नगर पंचायतों में आऊटसोर्स आधार पर नियुक्त 14 कनिष्ठ अभियन्ताओं को हटाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इन्हें पुनः बहाल करने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनहुता

*1620 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनहुता के स्तरोन्नत किए जाने से पूर्व भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; कितनी धनराशि व्यय की गई और कितनी शेष है; कार्य किसके माध्यम से करवाया गया तथा क्या इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## प्रतिनियुक्ति

*1621 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) लोक निर्माण विभाग में कितने कर्मचारी/अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर हैं; कितने लम्बी अवधि से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं; कितनों को सेवानिवृत्ति के उपरान्त सेवा विस्तार दिया गया है; और

(ख) क्या सरकार द्वारा कर्मचारियों को ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार ही स्थानान्तरित

किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## Salooni-Drabbar-Lohari-Kilod Road

***1622** **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Salooni-Drabbar-Lohani-Kilod road has been taken over by PWD from Forest Department;

(b) if yes, whether the DPR of this road has been prepared by Salooni Public Works Division and the forest clearance under FCA has been obtained from Government of India?

----

## ट्रेक्टरों पर उपदान

***1623** **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मशोबरा एवं ठियोग विकास खण्ड के अन्तर्गत ट्रेक्टरों के उपदान हेतु कितने मामले लम्बित पड़े है व कितनों को उपदान प्रदान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## योजनाओं हेतु धनराशि

***1624** **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक नालागढ़ विकास खण्ड में विधायक निधि के अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों को प्रदान की गई कितनी धनराशि व्यय की गई और कितनी शेष हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इस विकास खण्ड में विधायक निधि तथा सांसद निधि के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्राप्त हुई, कितनी व्यय की गई; पंचायत व योजनावार ब्यौरा दें; जो पंचायतें यह धनराशि व्यय नहीं कर रही हैं; सरकार उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई कर रही है?

----

## पदपूर्ति

***1625** **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में कितने पद रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

**Dr. Y.S Parmar Medical College Nahan**

***1626 Sh. Vinay Kumar (Sri Renukaji):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what is the number of teaching faculties of Dr.Y.S. Parmar Medical College Nahan;

(b) what are the rates fixed by the Government for residential accommodation hired for the teaching staff of this College; and

(c) details of the accommodation hired and rent paid to the owners of the accommodation be given name-wise?

----

**मिनी सचिवालय भोरंज**

***1627 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार मिनी सचिवालय भोरंज के भवन में होमगार्ड कार्यालय व आबकारी एवं कराधान अधिकारी कार्यालय हेतु स्थान देने का विचार रखती है?

----

**Deothi-Daran Ghati Road**

***1628 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether is it a fact that funds have been made available for tarring of Deothi to Daran Ghati Road (Rampur) and tender process has also been completed; if yes, by when this work will be started?

----

**संस्थागत शिक्षण**

***1629 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार Art of Parenting का संस्थागत शिक्षण पेरेन्टस को देने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो यह कब से शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**दिनांक: 16 अगस्त, 2019.** **सचिव।**